Adda247 GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 02/09/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

* Note
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** अप्रैल 2025 में, भारत ने निम्नलिखित में से किस देश के साथ 26 राफेल लड़ाकू जेट खरीदने के लिए $7.4 बिलियन के सौदे पर हस्ताक्षर किए?

Ans
1. रूस ✗
2. इज़राइल ✗
3. संयुक्त राज्य अमेरिका ✗
4. फ्रांस ✓

**Q.2** निम्नलिखित में से किस बजट सत्र में मिशन अंत्योदय को अपनाया गया, जिसका उद्देश्य संसाधनों के इष्टतम उपयोग और प्रबंधन से अभिसरण और जवाबदेही फ्रेमवर्क लाना है?

Ans
1. केंद्रीय बजट 2017-18 ✓
2. केंद्रीय बजट 2015-16 ✗
3. केंद्रीय बजट 2016-17 ✗
4. केंद्रीय बजट 2018-19 ✗

**Q.3** किस राज्य ने भारत का पहला PPP ग्रीन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट लॉन्च किया?

Ans
1. छत्तीसगढ़ ✗
2. तेलंगाना ✗
3. केरल ✗
4. मध्य प्रदेश ✓

**Q.4** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद संसद को भारतीय नागरिकता के अधिग्रहण और समाप्ति से संबंधित कानून बनाने का अधिकार देता है?

Ans
1. अनुच्छेद 7 ✗
2. अनुच्छेद 10 ✗
3. अनुच्छेद 12 ✗
4. अनुच्छेद 11 ✓

**Q.5** तश्तरी के आकार के उस अंतर्वेधी पिंड को क्या नाम दिया गया है जो आकाश की ओर अवतल है?

Ans
1. लैपोलिथ ✓
2. सिल ✗
3. फैकोलिथ ✗
4. बैथोलिथ ✗

Adda247

# Test Prime

**ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION**

**80,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

**20,000+** Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.6 | जून 1986 में स्थापित निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन, नागरिक हवाई अड्डों और नागरिक अंतः क्षेत्रों के प्रबंधन के साथ-साथ सभी हवाई अड्डों पर वैमानिक संचार प्रणालियों के अनुरक्षण और संचालन के लिए उत्तरदायी है? |
| Ans | ✔ 1. नेशनल एयरपोर्ट अथॉरिटी (National Airports Authority)<br>✘ 2. एयरपोर्ट्स काउन्सिल इन्टरनेशनल (Airports Council International)<br>✘ 3. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (Airports Authority of India )<br>✘ 4. दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (Delhi International Airport Limited) |

| | |
|---|---|
| Q.7 | कौन-सा अनुच्छेद नगर पालिकाओं के गठन से संबंधित है? |
| Ans | ✔ 1. अनुच्छेद 243Q<br>✘ 2. अनुच्छेद 243Z<br>✘ 3. अनुच्छेद 243W<br>✘ 4. अनुच्छेद 243P |

| | |
|---|---|
| Q.8 | मई 2025 में, केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा अरुणाचल प्रदेश में खेलो इंडिया बहुउद्देशीय हॉल (Khelo India Multipurpose Hall) की आधिकारिक तौर पर किस जिले में शुरूआत की गई? |
| Ans | ✔ 1. कामले<br>✘ 2. पश्चिम कमेंग<br>✘ 3. लोअर सुबनसिरी<br>✘ 4. तवांग |

| | |
|---|---|
| Q.9 | वैश्विक गैस उद्योग के 'ओलंपिक' के रूप में जाना जाने वाला 29वां विश्व गैस सम्मेलन (WGC), मई 2025 में अपने लगभग 100 वर्ष के इतिहास में पहली बार कहाँ आयोजित किया गया था? |
| Ans | ✔ 1. बीजिंग, चीन<br>✘ 2. टोक्यो, जापान<br>✘ 3. पेरिस, फ्रांस<br>✘ 4. दुबई, संयुक्त अरब अमीरात |

| | |
|---|---|
| Q.10 | पल्लव साम्राज्य के राजस्व का मुख्य स्रोत क्या था, जिसका उपयोग उनकी सेना के रखरखाव और प्रशासनिक व्ययों के लिए किया जाता था? |
| Ans | ✔ 1. भूमि कर<br>✘ 2. नमक कर<br>✘ 3. व्यापार कर<br>✘ 4. टोल कर |

| | |
|---|---|
| Q.11 | तृतीयक गतिविधियों की वृद्धि भारत में आर्थिक विकास को किस प्रकार दर्शाती है? |
| Ans | ✘ 1. यह समग्र आय सृजन में मंदी का संकेत देता है।<br>✔ 2. यह बेहतर सेवाओं, शहरी विकास और बढ़ती मांग को दर्शाता है।<br>✘ 3. यह विनिर्माण रोजगार में पतन को हाइलाइट करता है।<br>✘ 4. यह कृषि-आधारित व्यवसायों की ओर पुनः विस्थापन को दर्शाता है। |

| | |
|---|---|
| Q.12 | निम्नलिखित में से किस संगठन ने विश्व सामाजिक संरक्षण रिपोर्ट (WSPR) 2024-2025 जारी की? |
| Ans | ✘ 1. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (United Nation Security Council)<br>✘ 2. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund)<br>✔ 3. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (International Labour Organization)<br>✘ 4. विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization) |

Adda247

Q.13 ब्रिटिश शासन के अतर्गत कृषि के व्यावसायीकरण ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को परिवर्तित कर दिया। ब्रिटिश भारत में 'कृषि के व्यावसायीकरण (commercialisation of agriculture)' से क्या परिणाम हुआ?

Ans
✗ 1. ग्रामीण ऋण का उन्मूलन
✗ 2. आत्मनिर्भर गांवों का विकास
✗ 3. खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि
✓ 4. नकदी फसलों के उत्पादन में वृद्धि

Q.14 नॉर-शिपिंग 2025 में GRSE और नॉर्वे के कोंग्सबर्ग के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के बाद निम्नलिखित में से कौन-सा विकास हुआ है?

Ans
✗ 1. भारत, नॉर्वे के साथ मिलकर एक ध्रुवीय अनुसंधान पोत का संचालन करेगा।
✗ 2. भारत, नॉर्वे से अपना पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत खरीदेगा।
✗ 3. भारत, एक नए समझौते के अंतर्गत नॉर्वे के ध्रुवीय अनुसंधान को वित्तपोषित करेगा।
✓ 4. भारत, अपने पहले स्वदेश निर्मित ध्रुवीय पोत का निर्माण प्रारंभ करेगा।

Q.15 मई 2025 में किस भारतीय स्टार्टअप ने देश के पहले इलेक्ट्रिक मोटर चालित सेमी-क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया?

Ans
✓ 1. अग्निकुल कॉसमॉस (Agnikul Cosmos)
✗ 2. बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस (Bellatrix Aerospace)
✗ 3. पिक्सल (Pixxel)
✗ 4. स्काईरूट एयरोस्पेस (Skyroot Aerospace)

Q.16 2025 में बेंगलुरु में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें भारत और फ्रांस के बीच नैतिक और समावेशी एआई (AI) सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला गया?

Ans
✓ 1. ला फ्रेंच टेक इंडिया एआई शिखर सम्मेलन (La French Tech India AI Summit)
✗ 2. भारत-अमेरिका एआई सम्मेलन (India-US AI Conference)
✗ 3. वैश्विक एआई नैतिकता मंच (Global AI Ethics Forum)
✗ 4. भारत-यूरोपीय एआई साझेदारी बैठक (Indo-European AI Partnership Meet)

Q.17 सार्वजनिक विभागों में, RTI अधिनियम को लागू करने का उत्तरदायित्व किसके पास होता है?

Ans
✓ 1. केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी
✗ 2. जिला मजिस्ट्रेट
✗ 3. केंद्रीय सतर्कता अधिकारी
✗ 4. महानिदेशक

Q.18 कथक भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र का शास्त्रीय नृत्य है?

Ans
✗ 1. पूर्वी भारत
✓ 2. उत्तर भारत
✗ 3. दक्षिण भारत
✗ 4. पश्चिमी भारत

Q.19 ऊष्मागतिक तंत्र में ऊष्मा-पार्थ दीवार (diathermic wall) का कार्य क्या है?

Ans
✗ 1. यह केवल कार्य का प्रवाह होने देती है।
✗ 2. यह केवल द्रव्य का विनिमय करती है।
✗ 3. यह द्रव्य और ऊर्जा दोनों के विनिमय को रोकती है।
✓ 4. यह तंत्रों के बीच ऊष्मा का प्रवाह होने देती है।

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.20 विंडोज़ ऑपरेटिंग सिस्टम में टास्कबार का कार्य क्या है?
Ans
1. कंप्यूटर को तुरंत शटडाउन (Shuts down) कर देता है
2. डिलीट की गई फ़ाइलों को अस्थायी रूप से संग्रहीत करता है
3. वर्तमान में चल रहे एप्लीकेशन प्रदर्शित करता है और उनके बीच स्विच करने की सुविधा देता है
4. फ़ाइल मैनेजर विंडो ओपन करता है

Q.21 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (MGNREGA) भारत में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति वर्ष कितने दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान करता है?
Ans
1. 180 दिन
2. 159 दिन
3. 135 दिन
4. 100 दिन

Q.22 2025 में 25वें IIFA अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार किसे प्राप्त हुआ?
Ans
1. मनीषा कुलश्रेष्ठ
2. नेहा दीक्षित
3. सुभाश्री गांगुली
4. नितांशी गोयल

Q.23 विपाशित गैसों के कारण पृथ्वी के औसत तापमान में होने वाली वृद्धि को _______ कहा जाता है।
Ans
1. जलवायु परिवर्तन
2. ग्रीनहाउस प्रभाव
3. महासागरीय अम्लीकरण
4. ओजोन अवक्षय

Q.24 इस स्वतंत्रता सेनानी ने 1857 के विद्रोह के दौरान स्वयं को पेशवा घोषित किया और सशस्त्र सेनाएँ इकट्ठा करके शहर से ब्रिटिश गढ़सेना को खदेड़ दिया। वे स्वर्गीय पेशवा बाजीराव के दत्तक पुत्र थे। इस प्रश्न में नेता का नाम क्या है?
Ans
1. तात्या टोपे
2. नाना साहब
3. कुँवर सिंह
4. मंगल पांडे

Q.25 मई 2025 में शंघाई, चीन में तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 (Archery World Cup Stage 2) में भारतीय टीम ने कितने पदक जीते?
Ans
1. 3
2. 6
3. 5
4. 7

Q.26 अबुल-फ़ज़ल निम्नलिखित में से किस शासक का दरबारी इतिहासकार (court historian) था?
Ans
1. अलाउद्दीन खिलजी
2. अकबर
3. बाबर
4. औरंगजेब

Adda247

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सा डिवाइस ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन (optical character recognition - OCR) करता है?

Ans
✗ 1. फ्लैटबेड स्कैनर (Flatbed Scanner)
✗ 2. OCR स्कैनर (OCR Scanner)
✓ 3. बारकोड रीडर (Barcode Reader)
✗ 4. OMR स्कैनर (OMR Scanner)

Q.28 भारत में ब्रिटिश काल के दौरान किस कानून ने अंतर्जातीय और अंतरधार्मिक विवाह की अनुमति दी थी?

Ans
✓ 1. 1872 का अधिनियम
✗ 2. बंदोबस्त अधिनियम
✗ 3. विधवा पुनर्विवाह अधिनियम
✗ 4. शारदा अधिनियम

Q.29 पूर्व से पश्चिम तक भारत की वास्तविक मुख्य भूमि की दूरी कितनी है?

Ans
✗ 1. 3014 km
✗ 2. 3143 km
✓ 3. 2933 km
✗ 4. 3214 km

Q.30 कौन-सी ऊष्मागतिक राशि रासायनिक अभिक्रिया की सहजता निर्धारित करने में मदद करती है?

Ans
✗ 1. एन्थैल्पी
✗ 2. एन्ट्रॉपी
✓ 3. गिब्स मुक्त ऊर्जा
✗ 4. आंतरिक मुक्त ऊर्जा

Q.31 मई 2025 में, कौन-सी भारतीय कंपनी भारतीय नौसेना की नेक्स्ट जनरेशन कॉर्वेट्स (Next Generation Corvettes - NGC) परियोजना के लिए सबसे बिड करने वाली कंपनी के रूप में उभरी, जिसका मूल्य ₹25,000 करोड़ से अधिक है?

Ans
✓ 1. गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स
✗ 2. कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
✗ 3. हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड
✗ 4. मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड

Q.32 विहान कुमार बनाम हरियाणा राज्य के मामले में, निम्नलिखित में से किस संवैधानिक उल्लंघन के कारण सर्वोच्च न्यायालय ने गिरफ्तारी को अवैध घोषित किया?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन
✗ 2. अनुच्छेद 21 (प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन
✗ 3. अनुच्छेद 19(1)(a) (वाक् स्वतंत्रता) का उल्लंघन
✓ 4. अनुच्छेद 22(1) (गिरफ्तारी के आधार की जानकारी न देना) का उल्लंघन

Q.33 निम्नलिखित में से किसका नाम फ़रायज़ी आंदोलन से संबंधित है?

Ans
✗ 1. नवाब सलीमुल्लाह
✗ 2. मुहम्मद बरकतुल्लाह
✓ 3. हाजी शरीयतुल्लाह
✗ 4. हकीम अजमल ख़ान

Q.34 मैकमोहन रेखा, भारत और _______ के बीच सीमा रेखा है।

Ans
✗ 1. पाकिस्तान
✗ 2. म्यांमार
✓ 3. चीन
✗ 4. अफ़गानिस्तान

Q.35 राज्य विधानमंडल की सदस्यता हेतु पात्र होने के लिए, किसी उम्मीदवार को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में निर्धारित निम्नलिखित में से कौन-सी अर्हताएं पूरी करनी होंगी?

Ans
- ✗ 1. कम से कम स्नातक की डिग्री होनी चाहिए
- ✗ 2. राज्य में आयकर का भुगतान करना चाहिए
- ✓ 3. किसी भी राज्यसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचक (मतदाता) होना चाहिए
- ✗ 4. 15 वर्षों तक राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए

Q.36 औद्योगिक रूप से, कौन-सा अम्ल मुख्यतः कार्बन मोनोऑक्साइड का उपयोग करके मेथेनॉल के कार्बोनिलन द्वारा उत्पादित किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
- ✓ 2. ऐसीटिक अम्ल
- ✗ 3. सिट्रिक अम्ल
- ✗ 4. नाइट्रिक अम्ल

Q.37 2025 में किस दिन भारत और पाकिस्तान तत्काल प्रभाव से अमेरिका की मध्यस्थता में युद्धविराम पर सहमत हुए?

Ans
- ✗ 1. 11 मई
- ✗ 2. 8 मई
- ✗ 3. 9 मई
- ✓ 4. 10 मई

Q.38 लाहौल और पंगवाला किस भारतीय राज्य में पाई जाने वाली प्रमुख जनजातियां हैं?

Ans
- ✓ 1. हिमाचल प्रदेश
- ✗ 2. झारखंड
- ✗ 3. असम
- ✗ 4. गोवा

Q.39 किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने भारत के संविधान में नौवीं अनुसूची जोड़ी?

Ans
- ✗ 1. चौथा संशोधन अधिनियम, 1955
- ✗ 2. उनतीसवां संशोधन अधिनियम, 1972
- ✓ 3. पहला संशोधन अधिनियम, 1951
- ✗ 4. सत्रहवाँ संशोधन अधिनियम, 1964

Q.40 1 मार्च 2025 को, रक्षा लेखा महानियंत्रक (CGDA) का कार्यभार किसने संभाला?

Ans
- ✗ 1. आलोक जोशी
- ✓ 2. डॉ. मयंक शर्मा
- ✗ 3. अजय कुमार
- ✗ 4. शैलेंद्र नाथ गुप्ता

Section : **Mathematics**

Q.1 x का वह मान ज्ञात कीजिए जो निम्नलिखित समीकरण को संतुष्ट करता है।

$4(4x^2 - 5) - 4(4x^2 + 6x - 4) = 15$

Ans

✗ 1. $-\frac{17}{24}$

✗ 2. $-\frac{11}{24}$

✗ 3. $-\frac{23}{24}$

✓ 4. $-\frac{19}{24}$

Q.2 निम्नलिखित आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

49, 96, 59, 54, 97, 30, 44, 46, 36, 55, 23

Ans

✗ 1. 50

✗ 2. 48.5

✗ 3. 49.5

✓ 4. 49

Q.3 एक दुकानदार एक पंखे का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 34% अधिक अंकित करता है तथा इसके अंकित मूल्य पर 25% की छूट देता है। यदि वह ₹177 का लाभ अर्जित करता है, तो पंखे का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. 47,148

✗ 2. 47,209

✗ 3. 47,300

✓ 4. 47,436

Q.4 एक आयताकार बॉक्स के एक फलक का क्षेत्रफल 45 $cm^2$ है, तथा दूसरे आसन्न फलक का क्षेत्रफल 24 $cm^2$ है। यदि ऊपरी सतह (तीसरे फलक) का क्षेत्रफल 30 $cm^2$ है, तो बॉक्स का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. 60 $cm^3$

✗ 2. 540 $cm^3$

✓ 3. 180 $cm^3$

✗ 4. 270 $cm^3$

Q.5 $\frac{3}{4} + \left(\frac{1}{1+\frac{5}{9}}\right) - \frac{2}{3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ 1. $\frac{61}{84}$

✗ 2. $\frac{63}{92}$

✗ 3. $\frac{57}{77}$

✗ 4. $\frac{60}{83}$

Q.6 120, 144 और 168 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ 1. 24

✗ 2. 48

✗ 3. 12

✗ 4. 36

**Q.7** एक धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज की एक निश्चित दर पर 15 वर्षों में तीन गुनी हो जाती है। कितने वर्षों में यह 81 गुना हो जाएगी?

Ans
✗ 1. 51 वर्ष
✗ 2. 56 वर्ष
✗ 3. 61 वर्ष
✓ 4. 60 वर्ष

**Q.8** 317 और 322 के बीच आने वाली अभाज्य संख्याओं की संख्या, इन दोनों संख्याओं सहित, ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 2
✓ 2. 1
✗ 3. 3
✗ 4. 4

**Q.9** एक पतंग ज़मीन से 353.55 m की ऊँचाई पर उड़ रही है। यह क्षैतिज से 45° के कोण पर आनत एक डोरी से बंधी है। डोरी की लंबाई लगभग कितनी है?

Ans
✗ 1. 375 m
✗ 2. 250 m
✓ 3. 500 m
✗ 4. 300 m

**Q.10** 198 km की दूरी तय करने में, अमित को विनय से 4 घंटे अधिक लगते हैं। यदि अमित अपनी चाल दोगुनी कर दे, तो उसे विनय से 5 घंटे कम लगेंगे। अमित की चाल कितनी है?

Ans
✓ 1. 11 km/hr
✗ 2. 10 km/hr
✗ 3. 20 km/hr
✗ 4. 12 km/hr

**Q.11** एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹2,500 है। एक दुकानदार 25%, 20% और K% की तीन क्रमिक छूटें देते हुए वस्तु को ₹1,380 में बेचता है। K का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 7.6
✗ 2. 6.5
✓ 3. 8
✗ 4. 7

**Q.12** सपना ने ₹22,800 की धनराशि में से कुछ धनराशि 6% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से और शेष धनराशि 4% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की। यदि उसे 8 वर्षों के बाद दोनों निवेशों से बराबर ब्याज प्राप्त होता है, तो 6% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से निवेश की गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 9,122
✓ 2. 9,120
✗ 3. 9,123
✗ 4. 9,117

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात, सबसे बड़ा है?

Ans
✗ 1. 40 : 90
✗ 2. 30 : 53
✓ 3. 48 : 55
✗ 4. 22 : 51

Adda247

Q.14 16 + 12 ÷ 6 − 2 × 3 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 11
2. 12 ✓
3. 15
4. 14

Q.15 निम्न को सरलीकृत कीजिए।

$$1 \times (5 \times (3^2)) \div 17 + 44 - 78$$

Ans
1. $-\frac{534}{17}$
2. $-\frac{533}{17}$ ✓
3. $-\frac{535}{17}$
4. $-\frac{538}{17}$

Q.16 एक दुकानदार एक मोबाइल फोन का मूल्य ₹15,000 अंकित करता है, लेकिन उस पर 10% की छूट देता है। ग्राहक वास्तव में उसके लिए कितनी राशि का भुगतान करेगा?

Ans
1. ₹14,500
2. ₹14,000
3. ₹13,500 ✓
4. ₹13,800

Q.17 P, Q और R ने क्रमशः 2 : 22 : 70 के अनुपात में धनराशि का निवेश किया। यदि वर्ष के अंत में उन्होंने कुल ₹4,700 का लाभ अर्जित किया, तो Q और R के हिस्से में कितना अंतर है?

Ans
1. ₹2,447
2. ₹2,430
3. ₹2,306
4. ₹2,400 ✓

Q.18 3 cm, 5 cm और 8 cm विमाओं वाले घनाभ का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 60 वर्ग cm
2. 79 वर्ग cm
3. 120 वर्ग cm
4. 158 वर्ग cm ✓

Q.19 P की वर्तमान आयु का आठ गुना, Q की वर्तमान आयु से 46 वर्ष अधिक है। 10 वर्ष बाद, उस समय Q की आयु का तीन गुना, P की आयु के आठ गुना से 12 वर्ष कम होगा। Q की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 49
2. 43
3. 42 ✓
4. 37

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.20** एक व्यक्ति भोपाल से इंदौर 20 km/hr की चाल से जाता है और उसी मार्ग से 30 km/hr की चाल से भोपाल वापस आता है। संपूर्ण यात्रा में उसकी औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 28
- ✓ 2. 24
- ✗ 3. 20
- ✗ 4. 29

**Q.21** दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 90 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या क्या है?

**Ans**
- ✓ 1. 10
- ✗ 2. 6
- ✗ 3. 21
- ✗ 4. 11

**Q.22** अशोक ने कुछ पेंसिलें ₹180 प्रति दर्जन की दर से खरीदीं। उसने उन्हें ₹16 प्रति पेंसिल की दर से बेचा। उसका लाभ प्रतिशत ______% है।

**Ans**
- ✗ 1. 8.67
- ✓ 2. 6.67
- ✗ 3. 4.67
- ✗ 4. 10.67

**Q.23** ₹32,100 को A, B और C के बीच इस प्रकार बांटा गया कि A का 2 गुना = B का 7 गुना = C का 4 गुना है। A का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. ₹17,815
- ✗ 2. ₹17,847
- ✓ 3. ₹17,976
- ✗ 4. ₹18,091

**Q.24** पाइप A एक टंकी को 12 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टंकी को 25 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टंकी को 10 घंटे में भर सकता है। यदि तीनों पाइप को एक साथ खोल दिया जाए तो उसी टंकी को भरने में उन्हें कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✗ 1. $9\frac{32}{67}$ घंटे
- ✗ 2. $13\frac{32}{67}$ घंटे
- ✗ 3. $12\frac{32}{67}$ घंटे
- ✓ 4. $4\frac{32}{67}$ घंटे

**Q.25** कोई व्यक्ति ऋण चुकाने के लिए अपने मासिक वेतन के 20% के बराबर मासिक भुगतान करता है। वह शेष वेतन का 25% खर्च करता है और ₹780 बचाता है। उसका मासिक वेतन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 1,388
- ✗ 2. 1,383
- ✓ 3. 1,300
- ✗ 4. 1,366

**Q.26** प्रथम 151 विषम प्राकृत संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 151.5
- ✓ 2. 151
- ✗ 3. 152
- ✗ 4. 150.5

Q.27 पाइप P किसी टैंक के $\frac{2}{9}$ भाग को 28 घंटे में भर सकता है, और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{2}{7}$ भाग को 12 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 6 घंटे के लिए चालू रखा जाता है, और फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर पाइप R को अकेले चालू किया जाता है जो टैंक के पानी को 8 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

Ans
- ✗ 1. 137 घंटे
- ✗ 2. 145 घंटे
- ✓ 3. 126 घंटे
- ✗ 4. 117 घंटे

Q.28 किसी संख्या में 100% की वृद्धि करने 2750 प्राप्त होता है। संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 1375
- ✗ 2. 4125
- ✗ 3. 687.5
- ✗ 4. 2750

Q.29 एक समबहुभुज में एक अंतः कोण और उसके संगत बहिष्कोण का अनुपात 3 : 2 है। बहुभुज की भुजाओं की संख्या निर्धारित कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 7
- ✓ 2. 5
- ✗ 3. 6
- ✗ 4. 8

Q.30 दो संख्याओं का म.स.प. (HCF) और ल.स.प. (LCM) क्रमशः 29 और 174 है। यदि उनमें से एक संख्या 58 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 174
- ✗ 2. 145
- ✗ 3. 116
- ✓ 4. 87

## Section : General Intelligence and Reasoning

Q.1 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. AV-DY
- ✗ 2. OJ-RM
- ✓ 3. RM-VP
- ✗ 4. GB-JE

Q.2 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, चार-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 4138 2345 6367 5353 1276 (दाएं)

(उदाहरण के लिए 6975 लीजिए – इसमें पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9, तीसरा अंक = 7 और चौथा अंक = 5 है)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की ओर की जानी चाहिए।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक से गुणा किया जाए तो परिणाम कितना होगा?

Ans
- ✓ 1. 12
- ✗ 2. 17
- ✗ 3. 15
- ✗ 4. 14

**Q.3** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
ZMB JXN TIZ DTL ?

**Ans**
1. NYE ✗
2. NXE ✗
3. NEX ✓
4. NEY ✗

**Q.4** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, एक निश्चित तरीके से SPLT का संबंध QNJR से है। उसी तरीके से, OLHP का संबंध MJFN से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, KHDL का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans**
1. FIBJ ✗
2. IFJB ✗
3. FIJB ✗
4. IFBJ ✓

**Q.5** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
1. GCXR ✗
2. AWRL ✗
3. QNHB ✓
4. SOJD ✗

**Q.6** निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

SAVE - EASV - AVSE
CROW - WRCO - ROCW

**Ans**
1. GROW - GORW - WORG ✗
2. JUST - TUJS - USJT ✓
3. DEWS - EDWS - SEWD ✗
4. TERM - METR - RETM ✗

**Q.7** यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तथा '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$6 - 4 \times 85 + 5 \div 22 = ?$

**Ans**
1. 29 ✓
2. 22 ✗
3. 42 ✗
4. 36 ✗

**Q.8** 38 व्यक्ति उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में खड़े हैं। हरमन दाएं छोर से 15वें स्थान पर है जबकि हिनल बाएं छोर से 13वें स्थान पर है। हरमन और हिनल के बीच कितने व्यक्ति खड़े हैं?

**Ans**
1. 10 ✓
2. 9 ✗
3. 8 ✗
4. 7 ✗

Adda247

Q.9 सात व्यक्ति A, B, C, D, E, F और G एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। F पंक्ति के दाएं छोर से छठे स्थान पर बैठा है। E और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A, E के दाएं लेकिन G के बाएं बैठा है। D, C के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। B के दाएं कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ 1. पाँच
- ✓ 2. चार
- ✗ 3. दो
- ✗ 4. तीन

Q.10 यदि संख्या 2786431 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ 1. तीन
- ✗ 2. एक
- ✓ 3. एक की भी नहीं
- ✗ 4. दो

Q.11 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित युग्मों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना / में से घटाना / के साथ गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

45, 165
24, 144

Ans
- ✗ 1. 42, 172
- ✗ 2. 21, 131
- ✗ 3. 18, 142
- ✓ 4. 38, 158

Q.12 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन: कुछ दीवारें, छत हैं। कोई छत ,फर्श नहीं है।

निष्कर्ष (I): कोई छत, दीवार नहीं है।
निष्कर्ष (II): कुछ फर्श, छत हैं।

Ans
- ✓ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ 3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ 4. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं

Q.13 सात व्यक्ति I, J, K, L, P, Q और R उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। J और I के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। K के दाईं ओर केवल P बैठा है। I और K के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Q, L के दाईं ओर किसी एक स्थान पर लेकिन R के बाईं ओर किसी एक स्थान पर बैठा है।
R और L के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ 1. चार
- ✗ 2. एक
- ✓ 3. दो
- ✗ 4. तीन

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

LIG 1, NKI 4, ?, ROM 16, TQO 25

Ans
1. QNK 12
2. PNL 9
3. QNL 9
4. PMK 9

Q.15 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 7 # * © & 8 4 & 6 1 5 9 € 8 $ * 6 6 8 5 7 7 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
1. एक
2. एक भी नहीं
3. दो
4. तीन

Q.16 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

9 15 47 91 275 ?

Ans
1. 547
2. 550
3. 574
4. 505

Q.17 यदि संख्या 95423671 के प्रत्येक सम अंक से 1 घटाया जाता है। तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे और दाएं से तीसरे अंकों का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 10
2. 8
3. 0
4. 15

Q.18 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. LP-KN
2. EI-DG
3. HL-GJ
4. BF-AC

Q.19 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।
32 40 50 62 76 ?

Ans
1. 98
2. 86
3. 92
4. 95

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.20 सभी 43 व्यक्ति एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं। किशोर बाएँ छोर से 24वें स्थान पर है जबकि मोनू दाएँ छोर से 12वें स्थान पर है। किशोर और मोनू के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
1. 5
2. 6
3. 7 ✔
4. 8

Q.21 S, Y का पिता है। Y, R का भाई है। R, U की पत्नी है। U, P का पुत्र है। S का P से क्या संबंध है?

Ans
1. पुत्र की पत्नी का भाई
2. पुत्र की पत्नी के पिता ✔
3. पुत्र की पत्नी की माता
4. पुत्र की पत्नी की बहन

Q.22 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी संतरे, खरबूजे हैं।
सभी अंगूर, संतरे हैं।
निष्कर्ष:
(I) कुछ खरबूजे, संतरे हैं।
(II) सभी अंगूर, खरबूजे हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। ✔

Q.23 नगर A, नगर B के पश्चिम में है। नगर C, नगर A के दक्षिण में है। नगर D, नगर C के पूर्व में है। नगर E, नगर A के पश्चिम में है। नगर C के संबंध में नगर E की स्थिति क्या है?

Ans
1. पूर्व
2. उत्तर पूर्व
3. दक्षिण
4. उत्तर पश्चिम ✔

Adda247

Q.24 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

SACK - CSAK - KCAS
LEAP - ALEP - PAEL

Ans
1. TEMP - TMEP - PMET
2. GOLD - LGOD - DLOG ✔
3. EMIT - MEIT - TMIE
4. PLAY - APLY - LAYP

Q.25 यदि '+' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तथा '−' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

46 − 2 ÷ 10 + 3 × 24 = ?

Ans
1. 12
2. 22
3. 17 ✔
4. 28

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.26 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'MEAT' को '4257' के रूप में और 'TURN' को '1365' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 1
✗ 2. 6
✗ 3. 7
✓ 4. 5

Q.27 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'YARN' को '25#@' और 'ARTY' को '#$52' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' का कूट क्या है?

Ans
✓ 1. $
✗ 2. 2
✗ 3. #
✗ 4. 5

Q.28 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
C और E के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। B के ऊपर केवल A को रखा गया है। E के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। F को D के नीचे किसी स्थान पर लेकिन G के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
A और G के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✗ 1. 2
✗ 2. 3
✗ 3. 1
✓ 4. 4

Q.29 नीचे दी गई श्रृंखला में, प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

288 233 183 138 98 ?

Ans
✓ 1. 63
✗ 2. 53
✗ 3. 73
✗ 4. 43

Q.30 पाउला बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है, फिर वह दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 4 km पूर्व की ओर
✗ 2. 6 km उत्तर की ओर
✓ 3. 2 km पश्चिम की ओर
✗ 4. 5 km पश्चिम की ओर